54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.9°c
अधिकतम 27.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**अमृतवाणी**

तुजुर्बे उम्र से नहीं बल्कि हालातों से होते हैं।

सीएम योगी के नेतृत्व में कानून का राज है, इस बात से अखिलेश परेशान हैं : ओमप्रकाश राजभर



वो जो सत्ता से दूर हो जाते... कौन समझेगा उनकी बेचैनी ?....

सूर्योदय - 6:49, सूर्यास्त - 6:15 | वर्ष : 54/ अंक : 55 | बुधवार, 25 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4







54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.9 °c अधिकतम 27.0 °c

**अमृतवाणी**
तुजुर्बे उम्र से नहीं बल्कि हालातों से होते हैं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सीएम योगी के नेतृत्व में कानून का राज है, इस बात से अखिलेश परेशान हैं : ओमप्रकाश राजभर



सूर्योदय - 6:49, सूर्यास्त - 6:15 | वर्ष : 54/ अंक : 55 | बुधवार, 25 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये



वो जो सत्ता से दूर हो जाते... कौन समझेगा उनकी बेचैनी ?....

# मर्यादा हुई तार-तार : विकास भवन कर्मचारी को एक्सईएन का प्रस्ताव, अपनी बीवी को मेरे बिस्तर तक ले आओ

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। विकास भवन में मर्यादा की सारी सीमाएं उस समय ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन ने तब पार कर दी जब आरआईडी विभाग के कर्मचारी सुमित कुमार शर्मा द्वारा अपने किसी काम के लिए एक्सईएन को कहा गया। इस पर एक्सईएन ने बदतमीजी करते हुए बड़ी ही गंदी बात कह दी, जो वो खुद मीडिया के सामने उन्हीं के राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र नागर ने खुल्लम खुल्ला बता दी। जब उनसे पूछा गया कि वह विकास भवन में किसका विरोध करते हुए धरने पर बैठ गए हैं, तो अध्यक्ष रवीन्द्र नागर ने कहा कि बड़े ही शर्म की बात है कि एक्सईएन जैसे पद पर बैठा अनिल कुमार हमारे सहयोगी कर्मचारी के साथ काम करवाने के नाम पर उनकी पत्नी को बिस्तर पर बुलाना चाहता है और



सिर्फ बिस्तर पर बुलाना ही नहीं अनिल कुमार की इच्छा पीड़ित सुमित कुमार शर्मा की पत्नी के साथ सोने की भी जाहिर की गयी है। इसका विरोध करते हुए आज सभी कर्मचारियों ने धरना तो दिया ही साथ ही साथ सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण के अलावा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को भी इसकी पूरी जानकारी दी गयी। शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर माना जा रहा है कि जल्द ही बड़ा एक्शन लिया जा सकता है, क्योंकि जो आरोप पीड़ित सुमित कुमार शर्मा व उनकी एसोसिएशन की अध्यक्ष ने लगाए हैं, वह सारी मर्यादाओं को तार-तार कर देने वाले आरोप हैं। ऐसी घटना आज से पहले कभी नहीं सुनी गयी। अधिकारियों की डांटने-फटकारने की बात तो अलग होती है, मगर कोई छोटा-मोटा काम कराने के लिए




राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र नागर मीडिया को मामले की जानकारी देते हुए

कर्मचारी को इतनी घटिया बात कहना यह शायद पहली ही बार संज्ञान में आया है। बस अब इस बात का इंतजार बाकी है कि आखिर ऐसी अभद्र भाषा प्रयोग करने वाले एक्सईएन के खिलाफ कितनी कड़ी कार्रवाई होती है। हालांकि उक्त घटना को संज्ञान में आए 48 घंटे से भी अधिक हो चुके हैं। इस मामले में अभी तक बड़ी कार्रवाई हो जानी चाहिए थी, मगर किस कारण यह कार्रवाई रुकी हुई है, यह कह पाना मुश्किल है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका संघ से ओमबीर सिंह, मौ. सालिम, संयुक्त परिषद से रविन्द्र नागर, कुलदीप शर्मा, सिंचाई विभाग से नीरज भटनागर, ग्राम विकास अधिकारी संघ से हरीश एवं विनय त्यागी अपने साथियों के साथ उपस्थित होकर इस धरने को अपना समर्थन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से युसूफ, आदर्श चौधरी, सुधीर कुमार, धीर सिंह, नितिन शर्मा, दीपक, शमीम, निखिल, सुमित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

धरने पर मौजूद विकास भवन कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने स्पष्ट किया कि एक्सईएन अनिल कुमार पर कोई ठोस कार्यवाही, स्थानानतरण होने तक कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रर्दशन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो एसोसिएशन सभी विकास भवन के कार्यालयों का कार्य बहिष्कार कर धरना प्रर्दशन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने बताया कि कि पीड़ित कर्मचारी सुमित कुमार की मां ने इस मामले में एक्सईएन के खिलाफ एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी है। वहीं एक्सईएन पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## कांवड़ पटरी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, पिकअप और डंपर की टक्कर में दो मजदूरों की मौत, 19 घायल

मुजफ्फरनगर/खतौली, 24 फरवरी (बु.)। रतनपुरी के कांवड़ पटरी मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने क्षेत्र को दहला दिया। एक पिकअप वाहन और डंपर के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दो मजदूरों की जान चली गई, जबकि 19 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें उच्च उपचार के लिए मेरठ रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह पिकअप वाहन संख्या यूपी12 एसटी 2545 ग्राम सठेड़ी से मजदूरों को लेकर मेरठ जनपद के सरधना थाना अंतर्गत ग्राम पाली में मटर की फली तोड़ने जा रहा था। जैसे ही वाहन सठेड़ी चौराहे से नहर पटरी मार्ग पर मेरठ की ओर बढ़ा तभी सामने से आ रहे डंपर संख्या एचआर 58 एफ 8589 से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान तारा चंद्र 70 वर्ष, रामचंद्र 55 वर्ष निवासीगण ग्राम गुर्जरहेड़ी, थाना जानसठ है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा










### ये 19 मजदूर हुए गंभीर घायल

मौसम पत्नी मनोज, संगीता पत्नी गोपी, खुशी पुत्री गोपी, मंगेश पत्नी टिल्लू, रिया पुत्री टिल्लू अर्पित पुत्र लोकेंद्र, शालू पुत्री लोकेंद्र, कुमकुम पुत्री लोकेंद्र, बाला पत्नी किरनपाल, अनु पत्नी किरनपाल, सोनम, राहुल, पूजा, ज्योति, सपना, कम्मो, नेहा, दो अज्ञात।

शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, एसडीएम बुढ़ाना और क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना मौके पर पहुंचे। रतनपुरी, खतौली थाना पुलिस और डायल 112 की कई टीमें तैनात की गईं। और पीड़ित परिजनों को समझा-बुझाकर और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहनों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसडीएम ने बताया कि फिलहाल यातायात सामान्य है और कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है।

## सड़क हादसे में घायल श्रमिकों से मिलने अस्पताल पहुँचे जिलाधिकारी उमेश मिश्र



**मुजफ्फरनगर।** रतनपुरी नहर पटरी मार्ग पर हुए हादसे के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने तत्काल जिला अस्पताल पहुँचकर घायलों का हाल-चाल जाना और उनके परिजनों से बात की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और डॉक्टरों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए और इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। घायलों के परिजनों के अनुसार, श्रमिक मजदूरी के लिए पिकअप से मेरठ की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी थी जिसके बाद घायलों का उपचार जिला अस्पताल में कराया जा रहा है।

## घायल श्रमिकों का मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी जाना हाल



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर। प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिला अस्पताल पहुँचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों और सिटी मजिस्ट्रेट को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपचार में कोई कोताही न बरती जाए। मंत्री ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को कहा कि घायलों के इलाज में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवार और घायलों को हर सम्भव सहायता प्रदान की जाएगी।

## मुजफ्फरनगर दंगे में 8 मर्डर के 32 आरोपी बरी

### शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कुटबा में महिला समेत आठ लोगों की हत्या, चार की पहले ही हो चुकी मौत

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर के साम्प्रदायिक दंगे के दौरान शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कुटबा में महिला समेत आठ लोगों की हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ व घरों में लूटपाट के मामले में कोर्ट ने 32 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। एसआईटी ने विवेचना करते हुए 36 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें चार आरोपियों की मौत हो चुकी है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नम्बर एक में हुई।

7 सितम्बर 2013 को जनपद में साम्प्रदायिक दंगा हुआ। पंचायत से लौटती भीड़ पर कई गांवों में हमले हुए थे। उसके बाद 8 सितम्बर को कई गांवों में हमले किए गए थे। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कुटबा निवासी इमरान ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 8 सितम्बर को सुबह लगभग 9 बजे भीड़ ने साम्प्रदायिक नारेबाजी करते हुए मुस्लिमों के घरों पर हमला बोल दिया। सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हाथों में राइफलें, बंदूकें, तमंचे, तलवार, बलकटी व अन्य धारदार हथियारों से घरों पर हमला कर दिया। जिससे अंधाधुंध फायरिंग भी की गयी। ताबड़तोड़ फायरिंग से मौके पर भगदड़ मच गया, लोगों ने मकानों पर छिपने का प्रयास किया, लेकिन हमलवारों ने उन पर धारदार




हथियारों से हमला कर दिया था। हमलावारों ने धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़, मकानों में आगजनी के साथ मकान में रखा सामान व पशुधन लूट लिया था। लगभग ढाई घंटे पश्चात मौके पर आयी पुलिस ने उनकी जान बचाई थी। हमले में महिला समेत आठ लोगों की हत्या कर दी गयी थी जबकि कई लोग घायल हुए थे।

### 111 लोगों के खिलाफ हुई थी रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर।** मामले में 111 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। एसआईटी ने विवेचना करते हुए 36 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सहरावत ने बताया कि मामले में सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नम्बर एक मंजुला भालोटिया की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए 32 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। कोर्ट में मामले के विचाराधीन होने के दौरान चार आरोपियों की मौत हो चुकी है।

### इन आरोपियों को किया गया बरी

**मुजफ्फरनगर।** मनोज, राहुल पुत्र महीपाल, बुरेश पुत्र हरिया, धीरज पुत्र बाबू, विकास पुत्र मांगा, सोमपाल पुत्र नाहरू, बिजेन्द्र पुत्र महावीर, भूपेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र प्रीतम, नरेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र प्रीतम, रामसिंह पुत्र आशाराम, भीम पुत्र बाबू, गुड्डू पुत्र अमरपाल, पप्पू पुत्र मांगा, कालू पुत्र गिरवर, पिन्टू उर्फ बिन्टू पुत्र ब्रजपाल, मनोज पुत्र हरपाल, कल्लू उर्फ मदन पुत्र प्रीतम, देशपाल उर्फ देशा पुत्र इकराम, जितेन्द्र पुत्र हरपाल, नरेन्द्र पुत्र हरपाल, नीरज पुत्र श्यामलाल, गुल्लू पुत्र जगवीरा, प्रवीण पुत्र ओमवीर, अमित पुत्र भोपाल, नीटू पुत्र ब्रजपाल, लवकुमार पुत्र ओमपाल, भालू पुत्र कालू, शौकी पुत्र रुघन, कुवारपाल समेत आरोपी बरी कर दिए गए है। सभी आरोपी शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कुटबा के रहने वाले हैं।

### इन आरोपियों की हुई मौत

चतरा, दीपक, देवेन्द्र व सोनू निवासीगण गांव कुटबा थाना शाहपुर।

### इन लोगों की हुई थी हत्या

वहीद, शमशाद, इरशाद, तराबू, कय्यूम, फैय्याज, मोमीन व खातून निवासीगण गांव कुटबा थाना शाहपुर

## ककरौली में असामाजिक तत्वों ने की भड़काऊ पोस्ट, लिखा - मुसलमानों कब तक सब्र करोगे, पुलिस कार्रवाई में जुटी

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और अपराधियों के खिलाफ जारी 'बुलडोजर' व 'लंगड़ा' अभियान के खौफ के बीच कुछ असामाजिक तत्व अभी भी प्रदेश की शांति व्यवस्था को चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला जनपद मुजफ्फरनगर के थाना ककरौली क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक असामाजिक तत्व ने सोशल मीडिया पर माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट डालकर सनसनी फैला दी। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की कमान संभाल ली है। आपको बता दे कि, थाना ककरौली के ग्राम जटवाड़ा निवासी सर्रुद्दीन खान पुत्र समयदीन ने अपनी सोशल मीडिया आईडी से एक विवादित और हिंदू विरोधी पोस्ट साझा की। आरोपी ने पोस्ट में उत्तेजक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लिखा, "मुसलमानों कब तक सब्र करोगे?" इस पोस्ट के वायरल होते ही क्षेत्र में वीडियो तेजी से वायरल हो गया। भड़काऊ पोस्ट का संज्ञान लेते हुए एक सनातनी युवक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे ट्विटर एक्स पर पुलिस प्रशासन को टैग कर दिया। ट्वीट के माध्यम से मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की गई। सोशल मीडिया पर शिकायत मिलते ही मुजफ्फरनगर पुलिस तुरंत हरकत में आई और थाना ककरौली पुलिस को आरोपी के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वायरल पोस्ट और संबंधित वीडियो से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य जुटा लिए गए हैं। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इस घृणित मानसिकता के पीछे आरोपी का अकेला हाथ है या फिर कोई संगठन या समूह पर्दे के पीछे से माहौल बिगाड़ने की साजिश रच रहा है। फिलहाल पुलिस ने अपने सुरक्षा तंत्र को एक्टिव करते हुए क्षेत्र में ऐसे लोगों की पहचान शुरू कर भविष्य में ऐसी कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर जारी ना कर पाएं उसको लेकर सख्ती से कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शाहपुर क्षेत्र में बाग में पेड़ पर लटका मिला किसान के नौकर का शव

शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव कुटबा निवासी एक किसान का नौकर गांव के नजदीक स्थित एक बाग में मृत अवस्था में एक पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव कुटबा के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के नजदीक ग्रामीण सतेंद्र के अमरूद के बाग में गांव के ही किसान प्रवेश के यहां खेती का कार्य करने वाले असम प्रदेश निवासी 21 वर्षीय श्याम मृत अवस्था में अज्ञात कारणों के चलते एक पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक किसान के यहां कृषि कार्य से संबंधित कार्य करता था तथा गन्ने की छिलाई का सीजन शुरू होने से पहले ही गांव में किसान के यहां आ गया था।



## राहुल गांधी यूथ कांग्रेस प्रमुख की गिरफ्तारी पर भड़के

**नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने कहा है कि इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का सबूत है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा, 'मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है। अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा तथा हमारे डेटा को अमेरिका के हाथों में सौंप देगा।'



## रिंकू सिंह ने बीच में छोड़ा वर्ल्ड कप!

**अलीगढ़, 24 फरवरी (एजेंसी)।** भारतीय टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह मंगलवार को चेन्नई से घर अलीगढ़ लौट आए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सूत्रों के हवाले से बताया कि परिवार में मेडिकल इमरजेंसी की वजह से रिंकू को घर लौटना पड़ा। एजेंसी के मुताबिक, रिंकू के पिता खानचंद सिंह नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर है। भारत को अब 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच खेलना है। लेकिन, इस मैच में रिंकू का खेलना अब तय नहीं है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच सुपर-8 का मुकाबला गुरुवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है।

## होली के मौके पर बधाई मांगने निकले किन्नरों के दो गुटों के बीच मारपीट, कई किन्नर गंभीर रूप से घायल

खतौली, 24 फरवरी (बु.)। होली के मौके पर बधाई मांगने निकले किन्नरों के दो गुटों के बीच मंगलवार को जमकर मारपीट हो गई। घटना ईदगाह रोड स्थित एक बैंक के पास की बताई जा रही है। दोनों पक्षों में हुए इस संघर्ष में कई किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा, जिसके बाद पुलिस ने एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रीति किन्नर अपने साथियों के साथ होली के अवसर पर बाजार क्षेत्र में बधाई मांगने पहुंची थी। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम नावला, मंसूरपुर निवासी सुरेंद्र तथा मुस्कान पुत्र विजयपाल अपने 8 साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। बधाई मांगने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद इतना बढ़



गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। प्रीति किन्नर का आरोप है कि विरोधी पक्ष ने उन पर जानलेवा हमला किया। उनका कहना है कि मुस्कान ने हाथ में लिए हथियार से उनके सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके साथी किन्नर शांति और नेहा के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें भी घायल कर दिया। मारपीट के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदारों व राहगीरों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रीति किन्नर ने आरोप लगाया है कि घटना के दौरान कुछ नकदी भी गायब हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मुस्कान ने भी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में एहतियातन पुलिसबल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

## गर्मा रहा मौसम, पारा पहुंचा 27 डिग्री

**मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)।** होली से पहले मौसम धीरे धीरे गर्मा रहा है। गर्माहट के चलते गर्म कपड़े शरीर से उतर चुके हैं। हालांकि रात में अभी पारा थोड़ा कम है। नगर में आज अधिकतम तापमान 27.0 और न्यूनतम 13.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के अंदर 7 राज्यों में बारिश मुश्किलें बढ़ाने वाली हैं। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की चेतावनी भी जारी की गई है। आईएमडी के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में कल मौसम बिल्कुल साफ रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, आने वाले 2 से 3 दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। दोपहर के समय गर्मी महसूस होगी। वहीं, सुबह के समय 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कल मौसम नहीं बदलेगा। बारिश की चेतावनी भी नहीं है। हालांकि, कुछ जिलों में सुबह में ठंड बढ़ेगी। जिन जिलों में ठंड की स्थिति रहेगी उनमें सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर और बरेली शामिल हैं।

## कमाल हो गया : पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के बेटे की जमानत तस्दीक में फर्जीवाड़ा हो गया

**मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)।** 11 नवम्बर 2025 को शाहनवाज राणा के बेटे अब्दुल आहद राणा की जमानत मंजूर होने के बाद दो जमानतियों के दस्तावेज खालापार कोतवाली भेजे गए थे। पुलिस की माने तो यह जमानत तस्दीक ही नहीं हुई और अगले दिन 12 नवम्बर को आहद राणा की रिहाई सभी नियम पूरे करने के बाद हो गयी। मगर घटना के साढे तीन माह बाद अब पुलिस ने जांच में पाया कि जमानत में फर्जीवाडा हुआ है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट में पाया गया कि जमानत करने वालों ने खालापार कोतवाली प्रभारी महावीर सिंह चौहान व चौकी प्रभारी की फर्जी मोहर और जाली हस्ताक्षर कर दिये। इतना ही नहीं तस्दीक दस्तावेज पर चौकी प्रभारी का नाम ही गलत अंकित किया गया है। फिलहाल थाना सिविल लाइन में अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत का बताना है कि जांच के दौरान पाया गया कि असली जमानतियों की नकली दस्तावेजों से जमानत तस्दीक कराकर आहाद राणा की रिहाई करा दी। बड़ी बात यह है कि इतनी बड़ी रिहाई में इतना बड़ा फर्जीवाड़ा आखिर कैसे हो सकता है? क्योंकि पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के इस मामले की



शहनवाज राणा पूर्व बसपा एमएलए

गूंज पूरे उत्तर प्रदेश में होती दिखी थी और हर पहलू पर पुलिस और कोर्ट दोनों की पैनी नजर थी। अब यह तस्वीर तो कुछ समय बाद ही साफ हो पाएगी कि आखिर फर्जीवाड़ा कहां से, क्यों और कैसे हुआ है और फर्जीवाड़ा करने में किस किस को आरोपी दिखाया जाता है?





1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## मोदी का दौरा और इजराइल का विपक्ष

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी अपने निश्चित कार्यक्रम के अनुसार आज 25 फरवरी को दो-दिवसीय दौरे पर इजरायल पहुँचेंगे। इजराइल में उनके आगमन को लेकर उत्साह है। यह भी उत्साह ही का एक रूप है कि वहाँ का विपक्ष, उस स्पेशल सेशन में जिसमें प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन होना है, में सुप्रीम कोर्ट के प्रेसीडेंट को शामिल होने के लिए नहीं बुलाने पर नाराज हो गया। इजराइली विपक्ष ने कहा है कि नेतन्याहू सरकार सुप्रीम कोर्ट के प्रेसीडेंट को नजर अंदाज कर रही है, ऐसे में उनके लिए भारतीय प्रधानमन्त्री के संबोधन में शामिल होना संभव नहीं होगा। इजराइली विपक्ष के इस विरोध को कुछ यू ट्यूबर अलग ही रंग से रंग कर पेश कर रहे हैं। इजराइल के विपक्ष द्वारा स्पेशल सेशन के बहिष्कार ने भारतीय प्रधानमन्त्री के दौरे को लेकर एक असहज स्थिति पैदा कर दी है। कहा जा रहा है कि इजरायल के दोस्त देश के नेता के संबोधन के दौरान आधी संसद का खाली रहना एक गलत संदेश देगा। इस स्थिति से बचने के लिए एक प्लान तैयार हो रहा है। बताया जा रहा है कि स्पीकर आमिर ओहाना खाली सीटों को भरने के लिए पूर्व सांसदों को बुलाने की योजना बना रहे हैं। नेतन्याहू सरकार विपक्ष के कदम को घरेलू राजनीति में विदेशी दोस्त को घसीटने से जोड़ रही है। हालांकि, विपक्ष ने इन आरोपों से इनकार किया है और साफ करने की कोशिश की है कि वह भारत या प्रधानमन्त्री मोदी के विरोध में नहीं है। विपक्ष ने एक्स पर लिखा कि हम सेशन में रहना चाहते हैं। हमें सेशन में रहने की जरूरत है। उन्होंने नेतन्याहू से आग्रह किया कि वे यह पक्का करें कि सुप्रीम कोर्ट के प्रेसीडेंट को बुलाया जाए, ताकि विपक्ष हिस्सा ले सके। इसके पहले उन्होंने कहा कि विपक्ष भारत को शर्मिंदा नहीं करना चाहता। इजरायली विपक्ष के बॉयकॉट को लेकर कुछ गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं। खास बात है कि पूर्व में ऐसी ही स्थिति में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली संसद को संबोधित किया था, लेकिन तब विपक्ष इसमें शामिल हुआ था। उस समय में भी सुप्रीम कोर्ट के प्रेसीडेंट को बुलाया नहीं गया था। इजरायली स्पीकर ओहाना ने विपक्ष की धमकी को एक नाजायज हथियार बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ऐसा करके दुनिया की सबसे बड़ी ताकतों में से एक भारत के साथ इजरायल के रिश्तों को नुकसान न पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष को भारतीय दूतावास को यह बताना चाहिए कि उन्होंने राष्ट्रपति माइली और राष्ट्रपति ट्रंप के सम्मान में हुए स्पेशल सेशन का बॉयकॉट क्यों नहीं किया, लेकिन वह उनके प्रधानमन्त्री का बहिष्कार करेंगे। जनवरी 2025 में यित्जाक अमिक के सुप्रीम कोर्ट का प्रेसीडेंट चुने जाने के बाद ही से नेतन्याहू सरकार की उनसे ठनी हुई है। जस्टिन मिनिस्टर यारिव लेविन ने उनकी अथॉरिटी को मानने से इनकार कर दिया। बाद में लेविन ने अमित से मिलने या कोर्ट हेड के तौर पर संबोधित करने से भी इनकार कर दिया। यहां तक कि स्टेट गजट में चीफ जस्टिस के तौर पर उनकी नियुक्ति को प्रकाशित भी नहीं किया। इस बॉयकॉट की वजह से अमित को कई कार्यक्रमों से बाहर रखा गया है। इजरायल के विपक्षी नेता लैपिड ने इस बात पर जोर दिया है कि मुख्य न्यायाधीश यित्जाक अमित को उस संसदीय सत्र में आमंत्रित किया जाना चाहिए, जहां मोदी अपना भाषण देंगे। यह यात्रा में बाधा डालने का आह्वान नहीं है, बल्कि यह एक बयान है कि सरकार जानबूझकर एक कठिन स्थिति पैदा कर रही है। विपक्ष ने न्यायिक परंपराओं के सम्मान और प्रोटोकॉल के तौर पर यह मांग रखी है। इनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के दूसरे नेताओं के भाषण भी शामिल हैं। इजराइल में लिखा जा रहा है कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का इसराइल दौरा तब हो रहा है, जब ट्रम्प की नीतियों के कारण भारत कई मोर्चों पर अलग-अलग चुनौतियों से जूझ रहा है। इजराइल में कहा जा रहा है कि मोदी एक पीढ़ी में एक बार दिखने वाली राजनीतिक प्रतिभा हैं,वह बराक ओबामा जैसी भाषण कला को बिल क्लिंटन जैसी रीटेल राजनीतिक समझ के साथ जोड़ते हैं। आम तौर पर राजनेताओं में इनमें से कोई एक गुण होता है, दोनों में महारत बहुत ही दुर्लभ है। पीएम मोदी की इस इजरायल यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। इससे पहले 4 जुलाई 2017 को जब प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पहली बार इजरायल पहुंचे थे, तो पीएम नेतन्याहू ने रेड कॉर्पेट वेलकम किया था। यह पहली बार था, जब कोई भारतीय प्रधानमन्त्री इजरायल गया था, तब दुनिया ने उस यात्रा को भारत की बदलती कूटनीति का एक उदाहरण कहा था। अब दुनियाभर के एक्सपर्ट्स, विदेशी अखबार सभी प्रधानमन्त्री मोदी की इस यात्रा के बारे में लिख रहे हैं या विचार कर रहे हैं। 2014 में जब भारत की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ उस वक्त कूटनीति में भी बड़ा बदलाव हुआ था। उसी का ये उदाहरण था कि पीएम मोदी की पहली इजरायली यात्रा हुई थी। अब दूसरी बार पीएम मोदी जा रहे हैं, तो टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण है। इस वक्त ईरान और अमेरिका में युद्ध जैसे हालात हैं। इजरायल भी अपनी तैयारी कर रहा है, ताकि अगर ज्वाइंट ऑपरेशन की बात हो, तो इजरायली सेना तुरंत अटैक कर दे। ईरान और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर डील पर बात नहीं बन पा रही है। अगर कोई ये कहे तो ये आधा सच है, पूरा सच ये है कि इजरायल के प्रेशर के कारण ईरान और अमेरिका के बीच बात नहीं बन पा रही है। ईरान से साफ कह दिया है कि वो न्यूक्लियर पर काम नहीं कर रहा है। इसके लिए वो वैरिफिकेशन के लिए भी तैयार है, मगर इजरायल चाहता है कि अमेरिका के साथ ईरान की डील तभी हो जब ईरान ये कह दे कि हम बैलेस्टिक मिसाइल प्रोग्राम भी बंद कर देंगे। अब कोई देश अपनी सुरक्षा के लिए कुछ न कुछ तो इंतजाम करेगा, मगर इजरायल को ईरान से बड़ा खतरा है, इस वजह से बात नहीं बन पा रही है। इजराइल के प्रधानमन्त्री नेतन्याहू ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल-भारत की पक्की दोस्ती को लेकर पोस्ट की। नेतन्याहू की इस पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत और इजराइल के बीच के संबंधों के मुद्दे पर आपसे पूरी तरह सहमत हूँ। भारत, इसराइल के साथ पक्की दोस्ती को बहुत महत्व देता है, जो भरोसे, इनोवेशन, शांति और तरक्की के लिए एक जैसे कमिटमेंट पर बनी है। किसी भी देश की घरेलू राजनीति का असर उसके वैश्विक संबंधों पर नहीं पड़ना चाहिए। अगर कहीं किसी देश का विपक्ष दिशा हीन हो तो इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'गरिमा' 'कपड़े' 'नेता' 'आचरण'

गरिमा के मंच पर भी कपड़े उतारते हैं,
कैसे हुए हैं नेता क्या आचरण हैं उनके?
थू-थू है सारे जग में फिर भी अकड़ रहे हैं,
कैसे हुए हैं नेता क्या आचरण हैं उनके?









# रोमांचक मुकाबले में वसुंधरा सुपर किंग्स की 1 विकेट से जीत

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। आईपीएल की तर्ज पर मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमपीएल-2 के लीग मैच में मंगलवार को दूसरे दिन खेल मैदान पर अंबा वॉरियर्स और वसुंधरा सुपर किंग्स के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में वसुंधरा सुपर किंग्स ने आखिरी ओवर तक चले संघर्ष के बाद एक विकेट से शानदार जीत दर्ज की। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में पहली पारी में मैन ऑफ द मैच अभिषेक अहलावत रहे। नुमाईश ग्राउंड स्थित चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को खेले प्रथम मुकाबले के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अंबा वॉरियर्स ने कुल 133 रन बनाए। इससे पूर्व टॉस जीत कर वसुंधरा सुपर किंग्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अंबा वॉरियर्स की टीम ने कुल 20 ओवर में 10 विकेट खोकर इस बीच 133 रन बनाए। मौ. अमान ने 30 रन की अहम पारी खेली। वहीं तरुण चौधरी ने 23 रन और समीर चौधरी ने 29 रन बनाए। वसुंधरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक अहलावत ने 04 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं ऋतिक वत्स ने 04 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट और विवेक कुमार ने 2 विकेट झटकें। मैच में अंबा वॉरियर्स को 15 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। वसुंधरा सुपर किंग्स ने 19.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। बाद में 134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वसुंधरा सुपर किंग्स ने 19.3 ओवर में 09 विकेट खोकर 137 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इस दौरान अनिवेश चौधरी ने 38 रन की कप्तानी पारी खेली। वहीं ऋतिक वत्स ने 23 रन व उवाश चौधरी ने 20 रन का योगदान दिया। मैच में अंबा वॉरियर्स की ओर से प्रियांशु गौतम ने 2 विकेट, रोहन अहलावत और विवेक सरोहा ने भी अहम विकेट हासिल किए। वसुंधरा सुपर किंग्स को 4 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। आखिरी ओवर तक चले रोमांच के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और अंतिम ओवर में जीत का फैसला हो सका। इस दौरान संयमित बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर वसुंधरा सुपर किंग्स ने एक विकेट से जीत अपने नाम दर्ज कर ली।

## ऋतिक शर्मा की विस्फोटक पारी, टिहरी फाल्कन्स ने 7 विकेट से दर्ज की जीत

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। चौ. चरण सिंह स्टेडियम में आयोजित एमपीएल-2 के लीग मुकाबले में टिहरी फाल्कन्स ने आरपीएल राइडर्स को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के हीरो ऋतिक शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएल राइडर्स ने कुल 174 रन बनाए। इससे पूर्व खेल मैदान में उतरी आरपीएल राइडर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 06 विकेट खोकर 174 रन बनाए। ऋतिक अरोड़ा ने 40 गेंदों में 64 रन की दमदार पारी खेली। वहीं नितिन मिश्रा ने 28 रन का योगदान दिया व आराध्या यादव ने 30 रन बनाए। सिद्धार्थ यादव ने इस आंकड़े में 32 रन जोड़े। टिहरी फाल्कन्स की ओर से इस दौरान हिमेश कृष्णा और अजय कश्यप को महत्वपूर्ण सफलताएं मिलीं। गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में विकेट लेकर मैच में वापसी कराई। आरपीएल राइडर्स को 15 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। टिहरी फाल्कन्स ने 18.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टिहरी फाल्कन्स ने कुल 18.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 178 रन बनाते हुए





यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऋतिक शर्मा ने 39 गेंदों में 73 रन की नाबाद व मैच जिताऊ पारी खेली। कप्तान शिवम चौधरी ने 29 रन, हिमेश कृष्णा ने 27 रन व ओशो मोहन ने 35 रन की उपयोगी पारी खेली। आरपीएल राइडर्स की ओर से अब्दुल माजिद और आराध्या यादव को 1-1 विकेट मिला। टिहरी फाल्कन्स को 11 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। इस दौरान टिहरी फाल्कन्स की टीम ने संतुलित बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए बड़े लक्ष्य को आसानी से हासिल किया। वहीं ऋतिक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रूख बदल दिया और टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई।

## हनुमान मन्दिर शिव चौक में मनेगा खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव

### – श्याम की मेहंदी, निशान यात्रा व कीर्तन के होंगे भव्य आयोजन





मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। फाल्गुन मास में इस बार श्रद्धा, भक्ति व उत्साह के अद्भुत संगम के बीच शिवचौक स्थित हनुमान मन्दिर (लाला कल्लूमल वाला) में 25 से 28 फरवरी तक बाबा खाटू श्याम का फाल्गुन उत्सव विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। मीडिया से वार्ता करते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार गर्ग ने बताया कि बुधवार, 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे शोभायात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। यह यात्रा मेहता क्लब, नई मंडी से प्रारम्भ होकर नई मंडी के मुख्य मार्गों से भोपा पुल, अंसारी रोड, मोती महल, भगत सिंह रोड, सदर बाजार मार्ग से गुजरती हुई शिव चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विश्राम लेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरूवार 26 फरवरी को सायं 6 बजे मंदिर में श्याम नाम की मेहंदी रचाने के साथ निशान ध्वज वितरण किया जाएगा, जिन्हें श्रद्धालु अगले दिन की यात्रा में लेकर चलेंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार, 27 फरवरी को प्रातः 9 बजे हनुमान चौक शामली रोड से निशान यात्रा प्रारंभ होकर भगत सिंह रोड और शिव चौक से होती हुई मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर बाबा के जयकारों के साथ भ्रमण करेंगे। इसी दिन रात्रि 7 बजे से एकादशी के उपलक्ष्य में भव्य कीर्तन भजन गायक चित्तौड़गढ़ से अभिषेक माहेश्वरी बाबा का गुणगान करेंगे। उनके साथ स्थानीय भजन गायक भी अपनी स्वरांजलि देंगे। कीर्तन के दौरान केसर व चंदन से होली, पुष्पों की होली एवं चंग वाद्य के साथ पारंपरिक धमाल मंदिर में किया जाएगा, जिससे भक्तिमय वातावरण उल्लासपूर्ण होगा। 28 फरवरी को रात्रि 7 बजे से द्वादशी भव्य कीर्तन आयोजित होगा। इस अवसर पर कोलकाता से पधारे सौरभ शर्मा भजन गायक के रूप में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ता में आदित्य गर्ग, योगेन्द्र गर्ग, सचिन गर्ग, नवीन गर्ग, सुरेश गर्ग, प्रदीप गर्ग, सौरभ गर्ग, अंकित गर्ग, विपिन गर्ग, राघव मुकुंद गर्ग, नीशू गर्ग, अंकुर गर्ग, नमन कंसल, डीके कश्यप, संजय गोयल, हिमांशु वर्मा, कार्तिक गर्ग आदि ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे।

## गन्ना मिल से लौट रहे युवक को लगभग आधा दर्जन हमलावरों ने घेरा, तमंचों के बल पर मारपीट



भोपा, 24 फरवरी (बु.)। थाना ककरौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जटवाड़ा अड्डे पर बीते सोमवार की देर रात बदमाशों ने एक ग्रामीण को बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने ककरौली पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की माँग की है। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव ढासरी निवासी तसव्वर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह गन्ना मिल टिकौला थाना मीरापुर से ट्रक खाली कराकर वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह जटवाड़ा अड्डे पर पहुंचा, तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों में नया गाँव नगला बुजुर्ग थाना भोपा का रहने वाला एक व्यक्ति और उसके साथ तीन नामजद और तीन अन्य अज्ञात लोग शामिल थे। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर पीड़ित के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और फिर बेरहमी से मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित ने अपनी तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों के तीन साथियों के हाथों में तमंचे थे, जिन्हें देखकर क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया। मारपीट के दौरान जब पीड़ित ने जान बचाने के लिए शोर मचाया, तो आसपास के कुछ लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। लोगों को एकत्र होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन जाते-जाते उन्होंने पीड़ित को दोबारा जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित तसव्वर ने थाना ककरौली में प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सोना दो दिन में 4 हजार महंगा हुआ: चांदी 1,163 गिरी

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसी)। सोने के दाम में आज यानी 24 फरवरी को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,021 रुपए बढ़कर 1,59,241 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,58,220 रुपए पर था। सोना 2 कारोबारी दिनों में 4 हजार महंगा हुआ है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,163 रुपए गिरकर 2,62,912 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,64,075 रुपए किलो थी।

# शहरी विकास की महायोजना लेकर आई चेयरपर्सन मीनाक्षी

- 28 फरवरी को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में 159 प्रस्ताव वाला बड़ा एजेंडा जारी
- बोर्ड 290 करोड़ के वार्षिक बजट पर लगाएगा मुहर
- नगर पालिका परिषद खर्च करेगी कुल 486 करोड़ रूपए

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। नगर क्षेत्र में समग्र विकास को नई दिशा देने की खातिर शुरू कवायदों के बीच पालिका परिषद की आगामी बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एक महायोजना प्रस्तुत करने जा रही है, जिसमें पेयजल, पथ प्रकाश, निर्माण एवं कर्मियों के हित के साथ पहली बार शहरी सौन्दर्यकरण के लिए एक बिग प्लान पर जोर रहेगा। शनिवार 28 फरवरी को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में टाउनहाल सभाकक्ष में होने वाली इस बैठक में 159 प्रस्तावों के एजेंडे पर विचार होगा और चेयरपर्सन के विकासशील एजेंडे को सदन की स्वीकृति की पूरी संभावना जताई जा रही है। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप इस बार 28 फरवरी को माह के अंतिम दिन होने जा रही बोर्ड बैठक में एक विशेष प्रस्ताव के बूते वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट के रूप में पालिका की आय-व्यय का अनुमानित मूल बजट प्रस्तुत करेंगी। विशेष बात यह कि बैठक में मीनाक्षी स्वरूप शहरी विकास की सोच के साथ 290 करोड़ की आय का बजट पेश कर रही है, जबकि आगामी वित्तीय वर्ष में 486 करोड़ रुपये शहरी विकास पर खर्च करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई हैं। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि बोर्ड बैठक





के लिए प्रस्तुत विकास महायोजना में पेय जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पथ प्रकाश व्यवस्था का विस्तार, विभिन्न निर्माण कार्य को गति, कर्मचारियों के आर्थिक हितों की सुरक्षा के साथ शहर के सौन्दर्यकरण के लिए विशेष परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नगर विकास की इस विस्तृत योजना में नगर क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। आगामी 28 फरवरी को होने वाली बैठक में यदि 159 प्रस्तावों को मंजूरी मिलती है तो यह नगरपालिका इतिहास की बड़ी विकासपरक कार्ययोजना साबित होगी। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की स्वीकृति के बाद 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे टाउन हाल सभाकक्ष में पालिका बोर्ड बैठक निर्धारित की गई है। बैठक के लिए जारी एजेंडे में कुल 159 प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। इन प्रस्तावों में विशेष प्रस्ताव वार्षिक बजट से संबंधित है। परिषद द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित मूल बजट तैयार किया है, जिसे बोर्ड के समक्ष स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेखा विभाग के तैयार आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की वास्तविक आय 1,82,21,41,198 रुपये दर्ज की गई है, जबकि वास्तविक व्यय 1,52,49,94,023 रुपये रहा है। अब वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित मूल बजट में आय 2,90,34,90,000 रुपये प्रस्तावित की गई है। वहीं अनुमानित व्यय 4,86,76,00,000 रुपये रखा गया है। इस वित्तीय वर्ष में एक फरवरी तक पालिका के पास 2,66,78,87,900 रुपये की धनराशि अवशेष थी। वित्तीय वर्ष 2026-27 की समाप्ति पर 70.37 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अवशेष रहने का अनुमान है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मौखिक निर्देशों के अनुपालन में अनुमानित आय और व्यय के आंकड़ों का समुचित आकलन कर यह मूल बजट तैयार किया गया है।

## मिशन शक्ति केंद्र पर सुलझा मां-बेटी का विवाद, आपसी सहमति से हुआ समझौता

चरथावल, 24 फरवरी (बु.)। थाना चरथावल स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कराया गया। ग्राम दधेड़ू कला निवासी इमराना पत्नी यूसुफ ने अपनी पुत्री साहिम पत्नी लालू निवासी ग्राम कुटेसरा के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया था। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक एवं मिशन शक्ति टीम प्रभारी डॉली यादव तथा महिला कांस्टेबल रवीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को थाना परिसर में बुलाया। टीम द्वारा मां-बेटी की काउंसलिंग कर आपसी संवाद के माध्यम से विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया। काफी देर चली वार्ता के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से समझौते पर राजी हो गए। इसके बाद दोनों को सकुशल घर भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर त्वरित निस्तारण किया जा रहा है, जिससे परिवारों में सौहार्द बना रहे और विवाद बढ़ने से पहले ही समाप्त हो सकें।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रश्मि रानी सिंह ( RASHMI RANI SINGH ) पत्नी सुरेश पाल ( SURESH PAL ) से बदलकर रश्मि सिंह ( RASHMI SINGH ) पत्नी श्री सुरेश पाल सिंह ( SURESH PAL SINGH ) रख लिया है। अब भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे रश्मि सिंह ( RASHMI SINGH ) पत्नी श्री सुरेश पाल सिंह ( SURESH PAL SINGH ) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

रश्मि सिंह ( RASHMI SINGH ) पत्नी
श्री सुरेश पाल सिंह ( SURESH PAL SINGH )
निवासी- म०न०.0 1717, गली नं०-1
आनन्द विहार, मुजफ्फरनगर ( उ०प्र० ) 251002

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 159600 | चांदी- | 267200 |
| सिक्का- | 2790 | गिन्नी- | 118150 |

## शाहपुर में होली, रमजान व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। होली, रमजान व ईद के त्योहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि सभी पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र हमेशा से सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी तहजीब का उदाहरण रहा है, जिसे आगे भी बनाए रखा जाएगा। बैठक को नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी, समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, अरविंद पाल, प्रधान मोनू सैनी, दिलशाद प्रधान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संबोधित किया। उन्होंने सभी से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने कहा, होली, रमजान और ईद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें, सख्त कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेता श्याम पाल सिंह ने कहा कि शाहपुर की पहचान आपसी भाईचारे और सौहार्द से है। सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं और क्षेत्र की एकता को बनाए रखें। नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी ने कहा कि हमारा क्षेत्र गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। सभी नागरिक प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। समाजसेवी शाहिद त्यागी ने कहा, त्योहार आपसी प्रेम और एकता का संदेश देते हैं। अफवाहों से दूर रहकर हम सबको मिलकर शांति और सौहार्द बनाए रखना है। थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में यह भी भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जुल्फिकार, महबूब कुरैशी, पूर्व प्रधान मुरसलीन राईन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने किया।

GYAN DEEP PUBLIC SCHOOL

is looking for passionate, dynamic, and dedicated educators to join our vibrant community.

CURRENT OPENING

TGT - Social Science, Computer, English

PGT - Physics, Physical Education, Biology, English, History, Sociology, Music Teacher

Send your CV - gdpslalukheri2012@gmail.com

Call - 9410859392, 9997931205, 8392909500

## एसडी कॉलेज की एथलेटिक मीट का विधिवत हुआ समापन





मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सनातन धर्म महाविद्यालय में दो दिवसीय एथलेटिक मीट का मंगलवार को समापन हो गया। एथलेटिक मीट के दूसरे दिन इन प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग में शाकिर मलिक तथा महिला वर्ग में तनु पुंडीर ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर चैम्पियन ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। महाविद्यालय के सचिव अखिलेश दत्त ने इससे पूर्व लक्ष्मी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके आज के समारोह का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। प्राचार्य प्रो. सुधीर पुंडीर ने विजेता खिलाड़ियों को मैडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए छात्र छात्राओं को भविष्य में खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। कॉलेज प्रांगण के खेल मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताओं में 100 मी. महिला वर्ग में तनु, लक्ष्मी, कीर्ति बालियान और 200 मी. महिला वर्ग में पलक, प्रज्ञा व दीया तथा 400 मी. महिला वर्ग में तनु, कीर्ति बालियान व लक्ष्मी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। शाट पुट पुरुष वर्ग में विशाल मलिक प्रथम, अनिकेत द्वितीय, आदित्य मलिक तृतीय। डिस्कास महिला में मन्नू प्रथम, रीना मावी द्वितीय, शिवानी तृतीय। शाट पुट महिला में लक्ष्मी प्रथम, तनु द्वितीय, कीर्ति बालियान तृतीय, लम्बी कूद पुरुष में देवा प्रथम, अनिकेत द्वितीय, बादल तृतीय, लम्बी कूद महिला में तनु पुण्डीर प्रथम, पल्लवी द्वितीय, तनु चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज प्रतियोगिता देखने के लिए दर्शक छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बनाता था। सभी ने प्रतियोगी खिलाड़ियों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के आयोजित में डॉ. अजय पाल, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. संदीप, डॉ. नागेन्द्र डॉ. करमजीत कौर, डॉ. चंद्रमणी, डॉ. प्रणव शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान डॉ. कामिनी सिंहल, डॉ. ममता श्याम, चीफ प्रॉक्टर डॉ अरविन पंवार, डॉ. अजय सचदेवा, डॉ. प्रतिमा चौधरी, डॉ. सोनाक्षी, डॉ. धीरज गिरधर, डॉ. तनुश्री, डॉ. मीनाक्षी भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग ने चलाया चैकिंग अभियान, तो मचा हड़कंप

बुढ़ाना, 24 फरवरी (बु.)। स्थानीय विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मंगलवार को दिन निकलने से पहले ही जेई शिव कुमार के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती और मौहल्ला शाहवाड़ा में विद्युत चोरों के विरुद्ध अभियान चलाया। हालांकि जाग हो जाने पर दूर के लोगों को पता चलने पर कई लोग अपना कटिया कनेक्शन हटाते मिले। इस दौरान जबरदस्त हड़कंप मच गया। टीम ने दर्जनों चोरों के कटिया केबिलों की वीडियो बनाई और दोपहर के समय उसी स्थान पर आकर विद्युत चोरों के नाम और मोबाइल नंबर अपने साथ लाए हुए रफ रजिस्टर में दर्ज कर सभी के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही। विद्युत टीम ने इस दौरान दोनों मौहल्लों में जबरदस्त हड़कंप मचा दिया। ये अभियान सुबह छह बजे से पहले ही चला। दोपहर के समय आई टीम ने इन्हीं स्थानों पर आकर उन लोगों को भी चेतावनी दी, जिनके विद्युत बिल पांच हजार रुपये से ऊपर के हो गये हैं। टीम ने कहा कि वे अगर अपने कनेक्शन कटने से बचाना चाहते हैं, तो वे तुरंत बुढ़ाना बिजलीघर में जाकर अपने अपने बिल जमा कर दें। कुल मिलाकर विद्युत टीम के चैकिंग अभियान से चोरों में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में जब स्थानीय विद्युत जेई शिव कुमार से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि उनकी विद्युत टीम ने कस्बे में आज अभियान चला रखा है। पूरी डिटेल जल्दी ही दे दी जाएगी।

## देवर अपनी सगी भाभी को लेकर हुआ फरार

### - एक बच्चे को छोड़ा तो दूसरे को ले गयी अपने साथ

बुढ़ाना, 24 फरवरी (बु.)। उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक अपनी सगी भाभी को प्रेम-प्रसंग के चलते भगा ले गया। महिला के दो बच्चे हैं। अपना एक बच्चा घर पर ही छोड़ गयी, जबकि दूसरे बच्चे को अपने साथ ले गयी। गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उकावली चौकी के समीप स्थित एक गांव में कोरी समाज के एक युवक का अपनी भाभी से काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग का मामला चल रहा था। विगत दिवस युवक मौका पाकर अपने भाई की पत्नी और उसके एक बच्चे को लेकर फरार हो गया। घटना का पता म्पति को देर शाम को तब लगा, जब घर में उसकी पत्नी और उसका एक बच्चा नहीं था और उसका छोटा भाई भी गायब था। पहले तो महिला के पति ने अपनी पत्नी और अपने बच्चे को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन जब गांव के कुछ लोगों के माध्यम से पति को यह पता लगा कि उसकी पत्नी उसके भाई के साथ प्रेम-प्रसंग के चलते फरार हुई है, तो उसने फिर अपनी पत्नी, बच्चे और भाई की तलाश नहीं की। पति का साफ कहना था कि जिसकी चीज थी, वो उसी के साथ चली गयी। अब मैं बिना वजह क्यों दोनों का पीछा करूं। ऊपर वाला तीनों को खुश रखे। वह तो अपने एक बच्चे के साथ ही अपनी जिंदगी का गुजारा कर लेगा। गांव में यह मामला जबरदस्त चर्चा का विषय बना है।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का राहुल गांधी पर हमला, बोले- दंगे करवाना चाहते हैं मोहब्बत की दुकान चलाने वाले





लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करने वाले देश में दंगे करवाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को नीचा दिखाना चाहते हैं। कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टारगेट करना अब एक फैशन बन गया है। दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनिया भर से प्रतिनिधि आए थे। कांग्रेस के लोगों का नग्न होकर प्रदर्शन करना देश को शर्मसार करने वाला है।

## 'अजमेर में हिंदुओं के चादर चढ़ाने से मुझे दिक्कत है':धीरेंद्र शास्त्री

बोले- अपने बाप को बाप कहो, अपने ग्रैंड फादर के यहां पुष्कर आया करो

अजमेर, 24 फरवरी (एजेंसी)। बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा- मेरी इच्छा है कि पुष्कर में एक मठ बनाएं। क्योंकि हम चाहते हैं कि अजमेर के हिंदू मठ में आएं, क्योंकि चादर चढ़ाने जाते हैं, इससे मुझे दिक्कत है। किसी और मजहब में जन्म हुआ होता तो बिना फोटो के पूजा कर रहे होते। सनातन धर्म महान है। इसमें महिलाओं को पूज्य माना जाता है। हमारे यहां राम सीता नहीं बल्कि सीताराम कहा जाता। सनातन धर्म अद्भुत है। अपने बाप को बाप कहो, दूसरों के बाप को क्यों बाप बना रहे हो। अजमेर के हिन्दुओं, अपने ग्रैंड फादर के यहां पुष्कर आया करो। पुष्कर के नए मेला मैदान में धीरेन्द्र शास्त्री ने कथा के दूसरे मंगलवार को यह बात कही। कथा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धीरेंद्र शास्त्री ने हल भेंट किया। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- हम किसी पार्टी के नहीं, लेकिन जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए, वह कोई नहीं कर सकता। चाहे वो राम मंदिर बनाना हो या केदारनाथ का काम।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराया

पल्लेकल, 24 फरवरी (एजेंसी)। इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हराया। इंग्लैंड के लिए कप्तान हैरी ब्रूक ने शतक लगाया जिससे टीम लक्ष्य का पीछा कर सकी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इंग्लैंड के लिए ब्रूक ने सर्वाधिक 100 रन बनाए जिससे टीम ने सुपर आठ में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जबकि पाकिस्तान के लिए आगे की राह बेहद कठिन हो गई है। पाकिस्तान का पिछला मुकाबला बारिश में धुल गया था और अब उसका एक मैच शेष है। अगर पाकिस्तान की टीम ये मुकाबला जीत भी लेती है तो उसके तीन अंक होंगे। वहीं, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के पास पाकिस्तान को पीछे छोड़ने का मौका होगा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

